विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम ।।
**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


रविवार, 08 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 228, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी के पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल





**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉर्पोरेशन के नव नियुक्त अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्री मद्दी को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्री मद्दी सामाजिक रूप से लंबे समय से सक्रिय हैं और उनके पास विभिन्न पदों पर कार्य करने का गहरा अनुभव है। मुझे विश्वास है कि उनका यह अनुभव स्टेट बेवरेजेस कॉर्पोरेशन के कार्यों को सुदृढ़ करने में उपयोगी सिद्ध होगा। श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार अनेक नवाचारों के माध्यम से शासकीय कार्यों में पारदर्शिता ला रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर में शांति स्थापना और विकास के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। नक्सल उन्मूलन के साथ-साथ हम बस्तर में अधोसंरचना और पर्यटन विकास के कार्यों को गति दे रहे हैं, ताकि स्थानीय लोगों को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकें। हमने हाल ही में दुधारू पशु योजना के माध्यम से आदिवासी परिवार को दो अच्छी नस्ल की गाय प्रदान करने की शुरुआत की है, जिससे प्रदेश में दूध का उत्पादन बढ़ेगा और किसानों और पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से हुई मुलाकात में प्रदेश के विकास को लेकर हुई महत्वपूर्ण चर्चाओं का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री से बस्तर में सिंचाई परियोजनाओं और इंद्रावती एवं महानदी को जोड़ने की महत्वाकांक्षी पहल के बारे में सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बस्तर के विकास के साथ-साथ यह विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में एक निर्णायक कदम सिद्ध होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि श्री श्रीनिवास के सामाजिक जीवन के लंबे अनुभव का लाभ निश्चित ही बेवरेजेस कॉर्पोरेशन को मिलेगा। उन्हें पहले भी वन विकास निगम के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का मौका मिला था और उन्होंने बेहतर ढंग से दायित्व का निर्वहन किया। इस अवसर पर नई जिम्मेदारियों के लिए उन्होंने श्री मद्दी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जगदलपुर विधायक श्री किरण देव ने भी संबोधित किया एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में वन मंत्री श्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सांसद श्री महेश कश्यप, सांसद श्री भोजराज नाग, विधायक श्री राजेश मूणत, विधायक श्री मोतीलाल साहू, विधायक श्री आशाराम नेताम, विधायक श्री चैतराम अटामी, विधायक श्री विनायक गोयल, विधायक श्री धरमलाल कौशिक, विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक श्री श्याम धावड़े, आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सीएम साय ने पीएम मोदी से बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना के संबंध में की चर्चा

### दोनों परियोजनाओं से लगभग 7 लाख हेक्टेयर भूमि में हो सकेगी सिंचाई



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना के राष्ट्रीय परियोजना के रूप में निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की है । उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग लंबे समय से नक्सल प्रभावित रहा है, इसी वजह से संभाग सिंचाई साधनों के विकास में पिछड़ गया है, संभाग में सिंचाई साधनों की समस्या को दूर करने और चहुमुखी विकास को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना और इंद्रावती-महानदी लिंक परियोजना पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बस्तर क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए बोधघाट बहुउद्देशीय बांध परियोजना निर्णायक परियोजना साबित होगी। यह परियोजना, लंबे समय से इन्द्रावती नदी पर प्रस्तावित है। इंद्रावती, गोदावरी नदी की बड़ी सहायक नदी है। गोदावरी जल विवाद अभिकरण के वर्ष 1980 के अवॉर्ड में भी अन्य योजनाओं के साथ इस परियोजना का उल्लेख है। इस अवॉर्ड में उल्लेखित अन्य परियोजनाओं का क्रियान्वयन दूसरे राज्यों द्वारा किया जा चुका है परंतु दूरस्थ अंचल में होने एवं नक्सल समस्या के कारण इस परियोजना को प्रारंभ नहीं किया जा सका। बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना से संभाग में सिंचाई साधनों का दायरा बढ़ने के साथ ही बस्तर के विकास को डबल रफ्तार मिलेगी। इस परियोजना से 125 मेगावाट का विद्युत् उत्पादन, 4824 टन वार्षिक मत्स्य उत्पादन जैसे अतिरिक्त रोजगार, खरीफ एवं रबी मिलाकर 3,78,475 हेक्टेयर में सिंचाई विस्तार एवं 49 मि.घ.मी पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगा। वही इंद्रावती- महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना से कांकेर जिले की भी 50,000 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सहित कुल 3,00,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। बस्तर को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दोनों परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम होगा। बहुउद्देशीय बोधघाट बांध परियोजना, गोदावरी नदी की बड़ी सहायक इन्द्रावती नदी पर प्रस्तावित है। राज्य में इन्द्रावती नदी कुल 264 कि. मी. में प्रवाहित होती है।

## खात्मे की ओर नक्सलवाद : नेशनल पार्क इलाके में 7 माओवादी ढेर, 2 बड़े नक्सली लीडर भी मारे




**बीजापुर.** नेशनल पार्क इलाके में लगातार तीसरे दिन नक्सलियों के साथ जारी मुठभेड़ में जवानों ने कार्रवाई आक्रमक कर दी है. एंटी नक्सल ऑपरेशन में अबतक 2 टॉप लीडर समेत 7 नक्सली ढेर हो गए हैं. मौके से शव के साथ हथियार और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरमाद किया गया है. इसमें दो ्र्य-47 राइफलें भी शामिल है. फिलहाल आस-पास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन और एरिया डॉमिनेशन जारी हैं. मुठभेड़ में शनिवार सुबह दो और नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया. इससे पहले 1 करोड़ के इनामी नक्सली लीडर सुधाकर और 45 लाख के इनामी नक्सली भास्कर मारे गए थे. इनके अलावा ढेर अन्य नक्सलियों में दो महिला और 3 पुरुष शामिल हैं, जिनकी शिनाख्ती नहीं हो पाई है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नेशनल पार्क एरिया में 5 जून को एंटी नक्सल ऑपरेशन शुरू किया गया था. पहले दिन मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ गौतम को जवानों ने मार गिराया. इसके अगले दिन 6 जून को सेंट्रल कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ गौतम को ढेर कर दिया. 6 से 7 जून की दरमियानी शाम को मुठभेड़ में तीन नक्सली और मारे गए. आज भी जवानों को अभियान में सफलता मिली. सुबह 2 नक्सली को ढेर कर दिया गया.

अब तक इन नक्सलियों के शव बरामद :-

1. सुधाकर उर्फ गौतम - सेंट्रल कमेटी मेंबर
2. भास्कर - तेलंगाना स्टेट कमेटी सदस्य
3. 2 अज्ञात महिला नक्सली कैडर.
4. 3 अज्ञात पुरुष नक्सली कैडर.

ऑपरेशन के दौरान जवानों को कई कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, फिर भी वे लगातार मोर्चे पर डटे रहे. सर्पदंश, मधुमक्खी के डंक, डिहाइड्रेशन और अन्य अभियान से जुड़ी वजहों से कुछ जवान घायल हुए हैं. सभी को तत्काल मेडिकल सहायता प्रदान की गई है. राहत की बात यह है कि सभी जवानों की स्थिति अब सामान्य है.

## कबीर मठ नादिया मे 10 जून को सदगुरु कबीर प्राकटय महोत्सव



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट समिति एवं समस्त ग्रामवासी नादिया एवं संत श्री सत्येंद्र साहेब शास्त्री धर्माधिकारी के मार्गदर्शन में 10 जून दिन मंगलवार को कबीर मठ धाम नादिया में सदगुरु कबीर प्राकटय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संत श्री सत्येंद्र साहेब धर्माधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रात: 7 बजे से 9 बजे शोभा यात्रा, 9 बजे से 12 बजे बीजक एवं गुरु महिमा पाठ, दोपहर 12बजे से 1 बजे तक अवकाश,दोपहर 1 बजे से 5 बजे कबीर प्राकटय महोत्सव, अतिथि उद्बोधन एवं सत्संग प्रवचन, संध्या 5 बजे से 7 बजे विश्व शांति सात्विक यज्ञ चौका आरती पश्चात प्रसादी वितरण एवं विशाल भंडारा से समापन। कार्यक्रम की अतिथिगण मुख्य अतिथि नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन आयोग छत्तीसगढ़,अध्यक्षता पंथ श्री हजूर स्वामी मंगल साहेब जी आचार्य कबीर मठ नादिया, आमंत्रित अतिथिगण दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव, भोलाराम साहू विधायक खुज्जी मधुसूदन यादव महापौर व पूर्व सांसद राजनांदगांव, श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, दिनेश गांधी श्रीमती अंजू त्रिपाठी अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव, गुलशन हिरवानी पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव, लक्ष्मी नारायण गुप्ता पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डोगरगांव,अशोक गुप्ता सेवानिवृत अनुविभागीय अधिकारी रायपुर, दीना पटेल अध्यक्ष भाजपा मंडल डोगरगांव, श्रीमती विभा साहू सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, गुरु शरण गुप्ता समाज सेवी, श्रीमती वंदिता ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत नादिया, श्रीमती गैदा बाई साहू जनपद सदस्य डोगरगांव, निराला पटेल उप सरपंच अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## अपराध नियंत्रण में जनभागीदारी की मिसाल

## त्रिनेत्र योजना को लेकर कलेक्टर और एसपी ने ली संयुक्त बैठक



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में त्रिनेत्र योजना को लेकर संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों, समाजसेवियों और आम नागरिकों से इस योजना में सहयोग की अपील की।

डॉ. भुरे ने कहा कि यह योजना देश में अपनी तरह की पहली अभिनव पहल है, जिसमें जनसहभागिता के माध्यम से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य शहर में चोरी, लूट, और अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि योजना के प्रथम चरण के तहत 1 जुलाई तक कैमरे एवं सर्वर जोड़कर योजना कोविधिवत प्रारंभ कर दिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि च्चित्रनेत्र योजनाज्ज् अपराधियों पर कड़ी नजर रखने और असामाजिक तत्वों की गतिविधियोंपर नियंत्रण का सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने राइस मिलर्स, उद्योगपतियों, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, होटल व्यवसायियों, बिल्डरों और बैंक प्रतिनिधियों से इस पहल में योगदान देने की अपील की।

अब तक लगभग सवा करोड़ रुपए का सहयोग जुटाया गया है, जिससे 70,000 मीटर आर्मर्ड ऑप्टिक फाइबर केबल और पोल लगाए जा चुके हैं। सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य भी शुरू हो गया है। सहयोग करने वाली संस्थाएं कंट्रोल रूम में आकर उपयोग कीजा रही सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण भी कर सकती हैं। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, साइबर टीम के श्री अभिषेक साहू, श्री द्वारिका प्रसाद, योजना के कोषाध्यक्ष श्री अशोक मोदी और टेक्निशियन श्री सृष्टिपाल सिंह भाटिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रायपुर में भव्य व्यापारी सम्मेलन का आयोजन संपन्न

### राजनांदगांव विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह रहे मुख्य अतिथि



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन में राजनंदगांव जिले के व्यापारियों की अहम भागीदारी रही इस सम्मेलन में राजनांदगांव के क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित हुए। उन्होंने सम्मेलन में व्यापारियों के हितों को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही।

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन श्री अमर पारवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री श्री सुरिन्द्र सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर, संकल्प, वोकल फॉर लोकल विषय पर प्रदेश स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन मैक कॉलेज ऑडिटोरियम, रायपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शासन, कार्यक्रम अध्यक्ष माननीय श्री सुनील सिंघी, अध्यक्ष, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार), तथा विशिष्ट अतिथि माननीय श्री राजेश मूणत, विधायक रायपुर पश्चिम, एवं माननीय श्री अमर पारवानी, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं सदस्य, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत आर्थिक दृष्टि से दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के आह्वान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में बनी टेक्नोलॉजी, उपकरण और हथियारों में आत्मनिर्भर भारत की झलक है। हमारे इंजीनियर, टेक्निशियन और श्रमिकों का पसीना इस सफलता का आधार है। यह अभियान पूरे देश में ऊर्जा और आत्मविश्वास भरने वाला है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री सुनील सिंघी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया, वह अभूतपूर्व है। आतंकवाद के खिलाफ देश का यह संकल्प और एकजुटता ही भारत की असली ताकत है। उन्होंने व्यापारियों को शपथ दिलाई तथा यथासंभव स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने हेतु आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि श्री राजेश मूणत ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की असली ताकत है जन-मन का जुड़ाव और जन-भागीदारी। यदि हम सभी अपने जीवन में जहां संभव हो, देश में बने उत्पादों को प्राथमिकता दें, तो यह सिर्फआर्थिक आत्मनिर्भरता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भागीदारी होगी। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री अमर पारवानी ने कैट की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने वोकल फॉर लोकल को सफल बनाने के लिए व्यापारी समुदाय से एकजुट होने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कैट छत्तीसगढ़ के महामंत्री श्री सुरिन्द्र सिंह ने कुशलता से किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंद जैन ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते हुए कैट की छत्तीसगढ़ में यात्रा और विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदेश भर से पधारे सभी व्यापारी प्रतिनिधियों को एकजुटता का परिचय देने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में, सभी उपस्थित व्यापारियों ने स्थानीय उत्पादों को अपनाने, प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्रहित में आर्थिक आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया। सम्मेलन में शामिल इकाईया रही: कैट, युवा कैट, महिला कैट, ट्रांसपोर्ट कैट, जिला इकाइयां कृ बिलासपुर, धमतरी, कांकेर, भाटापारा, मनेन्द्रगढ़, दुर्ग, राजनांदगांव, भिलाई, अभनपुर, तिल्दा, सरायपाली, गरियाबंद, चांपा, जांजगीर नैला, अकलतरा एवं रायपुर के विभिन्न व्यापारिक संगठन सहित व्यापारिगण शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजू डागा, अरुण शुक्ला सहित राजनांदगांव के व्यापारी उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

### मामला- ग्राम ढारा के मोड़ पर ट्रक व कार में भिड़त







**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर से लगे मुख्य मार्गो में लगातार हो रहे हादसों को देखकर पूरा शहर सहमा हुआ है। 07 जून शनिवार की सुबह ब्लॉक मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर एक हफ्ते के भीतर दूसरी बड़ी घटना में एक व्यक्ति ने अपने जान गंवा दी. जानकारी अनुसार ग्राम ढारा के हनुमान मंदिर के पास मोड़ पर तड़के सुबह लगभग 07 बजे ट्रक व स्विफ्ट में जोरदार टक्कर होने से स्विफ्ट चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।इस दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।इस हादसे में शहर के 42 वर्षीय नितिन रामटेके जो खैरागढ़ में ड्राइविंग सीखाने का कार्य करते थे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वे डोंगरगढ़ के पूर्व पार्षद मुकेश रामटेके के बड़े भाई थे। बताया जाता है की नितिन रामटेके रोज की तरह अपने काम के सिलसिले में डोंगरगढ़ से खैरागढ़ की ओर जा रहे थे। इस दौरान ढारा के पास उनकी स्विफ्ट गाड़ी विपरीत दिशा से आ रही ट्रक क्रमांक एमपी 09 एच एच 4990 से जा टकराई। ग्रामीणों की माने तो ट्रक चालक मोड़ के स्थान पर अपने आप को नियंत्रित नहीं कर पाया। जिसके कारण इतना बड़ा हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और नितिन की मौके पर ही मौत हो गई। वार्डवासियो की माने तो नितिन रामटेके एक सरल, मिलनसार और सहयोगी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।

# रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगांव हॉकी लीग का रोमांच अपने चरम पर

## आज होगा फाइनल मुकाबला : शिवनगर बुल्स बनाम रमनबाजार वारियर्स एवं चीखली ड्रैगन्स बनाम शांतिनगर शूरमा



**चार में से तीन सेमीफाइनल मुकाबलों का फैसला पेनल्टी शूटआउट से**

**अमल चौबे, रेहान खान, प्रताप राजपूत, पुष्पीता साहू एवं दक्ष चौबे बने सेमीफाइनल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित राजनांदगांव हॉकी लीग, जो कि जिला हॉकी संघ राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है, अपने अंतिम चरण में पहुँच गई है। आज खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जिनमें से अधिकांश का फैसला पेनल्टी शूटआउट के माध्यम से हुआ।

सेमीफाइनल मैचों के दौरान अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्लै, नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल के संचालक श्री नीरज बाजपेयी, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी श्रीमती शबनम अंसारी, पार्षदगण श्री शिव वर्मा, श्री सुनील साहू, समाजसेवी गौरव खंडेलवाल, संतोष सिंह, ओम प्रकाश अग्निहोत्री, तिलकनारायण देवांगन, हर्ष देव दुबे, नेपाल, योगेश सिन्हा, सुरेश डेकाटे, रवि कुंजाम, संदीप यादव, तेजराम यादव, ललित नायडू एवं आशुतोष लारिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। रुद्राक्षम वेलफेयर सोसाइटी राजनांदगाँव हॉकी लीग के तहत सब जूनियर वर्ग में दो सेमीफाइनल मैच खेला गया। पहला मैच शिवनगर बुल्स विरुद्ध सोलाखोली स्ट्राइकर्स के मध्य खेला गया जिसमें शिवनगर बुल्स की टीम ने पूर्ण समय तक मैच बराबरी के पश्चात शूट आउट के माध्यम से शोलाखोली की टीम को 4-3 से पराजित की। शिवनगर बुल्स कि ?र से अमल चौबे ने तीन और उदितमणि साहू ने एक गोल की तथा सोलाखोली की ओर से पुशपीता साहू ने तीन गोल मारकर हैट्रिक जमाई। सब जूनियर वर्ग का दूसरा सेमिफाइनल मैच रमन बजार वारियर्स विरुद्ध रामनगर हीरोस के मध्य खेला गया जिसमें रमन बजार ने शूट आउट मे 2-1 से जीत दर्ज की। रमन बजार वारियर्स की ओर से प्रताप ने दो गोल तथा रामनगर हीरोस की ओर से श्रेया लारिया ने एक गोल कि। जूनियर वर्ग के पहले सेमीफाइनल मैच मे चीखली ड्रैगन्स की टीम ने गवर्नमेंट प्रेस




टाइटन्स की टीम को 4-1 से मात दी। चीखली ड्रैगन की ओर से रेहान खान ने 2 गोल एवं अजय यादव और अमन ने एक एक गोल किया। जूनियर वर्ग के दूसरे सेमिफाइनल मैच मे पूर्ण समय तक मैच समाप्ति के पश्चात् शूट आउट मे शांति नगर शूरमा की टीम ने शंकरपुर फाइटर्स पर जीत दर्ज की। शांति नगर शूरमा की ओर से विवेक एवं अभिषेक ने एक एक गोल तथा शंकरपुर फाइटर्स की ओर से योगेश मेश्राम ने एक गोल किया।

आज के फाइनल मुकाबले (8 जून 2025)
शाम 4:00 बजे - सब जूनियर वर्ग
शिवनगर बुल्स बनाम रमनबाजार वारियर्स
शाम 5:00 बजे -जूनियर वर्ग
शांतिनगर शूरमा बनाम चीखली ड्रैगन्स

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विश्राम गृह में पौधारोपण किया गया



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूरे विश्व भर में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है हर जगह पेड़ पौधे लगाकर उत्साह के रूप में मनाया जाता है उसी क्रम में नगर के विश्रामगृह में श्रीकांत कोराम अनुविभागीय अधिकारी ,प्यारेलाल नाग तहसीलदार , भोज साहू पर्यावरण प्रेमी व विश्राम गृह के कर्मचारियों के सहयोग परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया गया वह पौधे के सुरक्षा के लिए लोहे की जाली भी लगाया गया।

**श्रीकांत कोराम अनुविभागीय अधिकारी ने आम जनों से की अपील**

बारिश के दिनों में हम सभी को पेड़ पौधे रोपण करना चाहिए हमें पेड़ पौधे छांव फल औषधि देता है पेड़ पौधों के कारण ही हम सब जीवित हैं बढ़ते हुए गर्मी वह ग्लोबल वार्मिंग चेंज आने वाले समय में हम सबके लिए घातक हो सकता है ऐसे में हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करके ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को रोक सकते के प्रभाव को रोक सकते हैं। पर्यावरण के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं उन्हें मैं आभार व्यक्त करता हूं वह आमजन भी उन सभी के साथ सहयोग करते हुए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर सहयोग कर सकते हैं।

## हिंदू जागरण मंच की जिला बैठक संघ कार्यालय में संपन्न हुई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पिछले दिनों हिंदू जागरण मंच की जिला बैठक संघ कार्यालय में हुई । जिसमें प्रांत के अधिकारी



अवधेश दुबे राजेश भार्गव जिला प्रचारक पुष्पेंद्र जिला कारवां कउशल वर्मा प्रांत युवा आयाम प्रमुख तीर्थराज यादव के मार्गदर्शन में हिंदू जागरण मंच के कार्यों को बताया गया एवं संगठन के विस्तार के लिए कार्य योजना बनाई गई । संगठन का विस्तार विकासखंड मंडल स्तर ग्राम स्तर तक करने की योजना बनाई गई मुख्य उद्देश्य हिंदुओं को संगठित करना एवं अन्य उद्देश्य समझाएं गए। बैठक में प्रमुख रूप से जिला संयोजक सुशील लड्ढा जिला सहसंयोजक प्रवीण शर्मा जिला सहसंयोजक दिनेश झूलन युवा आयाम जिला प्रमुख गोविंद साहू प्रचार आयाम जिला प्रमुख रोहित शर्मा जिला आर्थिक आयाम प्रमुख हेमलाल ढीमर जिला संपर्क आयाम प्रमुख हरीश भानु शाली जिला कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र जघेल नगर संयोजक राज सोनकर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खुटेरी मे सदगुरु श्री कबीर साहेब प्रकाटय महोत्सव एवं सात्विक यज्ञ चौका आरती 8 जून को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सोमनी समीपस्थ ग्राम खुटेरी मे



कबीरपंथी साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासियो के तत्वाधान मे 8 जून दिन रविवार को कबीर कुटी ग्राम खुटेरी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संत सम्राट सतगुरु कबीर साहेब की असीम कृपा से कबीर प्राकटय दिवस का आयोजन किया जा रहा है। परम पूज्य महंत श्री त्रिलोकी दास साहेब कबीर आश्रम पोटियाहीह जिला धमतरी छत्तीसगढ़ अपने संत मंडली के द्वारा सात्विक चौका आरती संपन्न करेंगे। आयोजक समिति के हेमंत साहू पूर्व सरपंच ने बताया कि प्रात: 7 बजे सुबह शोभायात्रा निशान पूजा सात्विक चौका आरती दोपहर 3 बजे से। आयोजक समिति के अध्यक्ष डीहू राम साहू, विकाल साहू उपाध्यक्ष चंदरु राम साहू, पूनु साहू कोषाध्यक्ष, नरेश कुमार साहू सचिव,हरीश साहू सहसचिव, संरक्षकगण रोशन लाल साहू, नंन्चु राम साहू,सुकालू साहू, रंणजीत साहू, शिवकुमार साहू,कीर्ति कुमार साहू संचालक दयालू साहू, बिहारी लाल साहू संदेशवाहक सदस्यगण मुरारी लाल,दुलार सिंह, पिलेश्वर, छगन, नरेश, भूपेंद्र, मुकेश,रमन, जागेश्वर, रामाधार, अश्वन साहू, जोहन, भगवान दास,टहल दास, सुरेश कुमार, भुप्रताप, देवेंद्र,वरुण, बिरेंद्र सहित ग्रामीण जनों ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारियो मे जुट गए है।

## आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पिनेस प्रोग्राम 10 जून से पुष्पांजलि मे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूज्य श्री श्री रविशंकर जी द्वारा



स्थापित संस्था आर्ट ऑफलिविंग परिवार की राजनंदगांव शाखा द्वारा आगामी 10जून से 15जून तक हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। यह शिविर सुबह 6से 9 एवम् शाम 4 से 7बजे तक पुष्पांजलि पैलेस रॉयल किड्स स्कूल के पास लालबाग राजनंदगांव मे रख गया है। शिविर मे मुख्य रूप से योग ध्यान प्राणायाम के साथ सारी दुनिया मे करोडो लोगों को तनाव मुक्त करने वाली विश्वप्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया सिखाई जस्येगी। सुदर्शन किया श्वासों की एक अद्भुत क्रिया है जो शरीर श्वास और मन मे तादात्मय स्थापित करती है। शिविर मे प्रमुख प्रशिक्षक के रूप मे रायपुर से आर्ट ऑफलिविंग की अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षिका श्रीमती डॉ सरिता वाजपेयी जी अपनी सेवाएं देंगी। डॉ सरिता वाजपेयी जी विगत बीस वर्षों से आर्ट ऑफ लिविंग के कोर्स ले रही है। वे भारत के विभिन्न शहरों के अलावा अमेरिका और कनाडा मे भी शिविर ले चुकी है। आप आर्ट ऑफलिविंग की छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख भी रह चुकी है।


**कार्यालय क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र बरगा, राजनांदगांव**

क्रमांक / 01 /09/ -: निविदा आमंत्रण:- दिनांक 04/6/25

क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र, बरगा राजनांदगांव में भोजन एवं स्वल्पाहार व्यवस्था हेतु निविदा दिनाँक 04/06/25 से 10/06/25 तक कार्यालयीन समय प्रातः 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व अन्य नियम एवं शर्ते की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

**आदेशानुसार**

**प्राचार्य क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र, बरगा, राजनांदगांव**


# डोंगरगांव में किया गया राजस्व शिविर का आयोजन

## कलेक्टर ने राजस्व शिविर में आमजनों की सुनी समस्याएं, प्रकरणों का संवेदनशीलतापूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने तथा उन्हें तत्काल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी तहसील कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को राजस्व से संबंधित समस्याओं के लिए परेशान न पड़े और उनके कार्य तत्काल सुगमतापूर्वक शीघ्र पूरा हो सके। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने डोंगरगांव तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व शिविर का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनमानस के राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलतापूर्वक एवं तत्परता से करें। राजस्व शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से नामांतरण के 47, बटवारा के 26, सीमांकन



के 21, बटांकन के 45, त्रुटि सुधार के 48, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र के 54, अतिक्रमण के 14, पट्टा के 12, किसान किताब के 29, अन्य 33 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर ही 75 आवेदन पर त्वरित कार्रवाई कर निराकृत किया गया। शिविर में 15 किसानों को नि:शुल्क किसान किताब वितरित किया गया। शिविर में राजस्व अमला एक ही स्थान पर उपलब्ध होने पर जनसामान्य के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण हुआ एवं मामले को समझाना भी आसान हो गया। शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजिता, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनीष साहू, श्री राम कुमार गुप्ता, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित जनपद सदस्य, पार्षद, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी उपस्थित थे।

# लखोली में जहां तहां छलक रहे जाम

## पुलिस की अनदेखी पता नहीं क्या होगा अंजाम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के पांच वार्डो को समेटे लखोली क्षेत्र में अवैध शराब जहां तहा बिक रही है। वहीं शराब के शौकीन लोगों सहित और आसामाजिक तत्व स्कूल मंदिर उद्यान अस्पताल आदि के परिसरों को भी नहीं बक्श रहे हैं। सार्वजनिक मंचों में भी जमकर शराब



खोरी हो रही है । भरी दोपहरी और रात में यह स्थान नशेड़ियों के एंजॉय करने का अड्डा बन जाते हैं। वही उनके द्वारा खुलेआम गाली गलौज से माहौल बिगड़ जाता है। दारू पीकर और चखना खाकर कचरा कहीं भी फेक रहे हैं या वहीं छोड़ रहे हैं शराबियों सहित असामाजिक तत्व पूरे लखोली क्षेत्र का माहौल खराब कर चुके हैं। समय बे समय पुलिस गस्त नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है महिलाओं और सभ्य लोगों का कहीं आना-जाना मुश्किल हो रहा है। वहीं स्कूली बच्चों को स्कूल व कोचिंग जाते-जाते समय उनके वजह से अप्रिय स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा लगता है कि पुलिस ने खुलेआम दारू बेचने और पीने की छुट दे रखी है। अवैध शराब रखने बेचने और पीने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही नहीं होने से ऐसा लगता है कि किसी न किसी दिन बड़ी घटना होकर रहेगी। इसके बाद ही अवैध शराब के खिलाफ कुछ ठोस कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि लखोली में जगह-जगह ग्नजड़ियों का भी अड्डा गंजेडियों का भी अड्डा लगता है जिससे हवा के साथ गंजे की दुर्गंध घरों तक पहुंच रही है। इससे लोगों को शुद्ध प्राण वायु लेना तक मुश्किल हो रहा है। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का ध्यान दिलाए जाने पर उनका एक ही लाइन में जवाब मिलता है पेट्रोलिंग पार्टी भेजते हैं।

> **कोतवाली पुलिस शहर के अन्य क्षेत्रों के साथ लखोली क्षेत्र का भी गस्त करती है। यदि ऐसी बात है तो मैं अच्छे से दिखावा लूंगा।**
> **- रामेंद्र सिंह टीआई कोतवाली थाना राजनांदगांव छत्तीसगढ़**
> **अगर लखोली क्षेत्र में अवैध शराब बिक रही है तो बल भेज कर कार्यवाही करेंगे।**
> **- मोहित गर्ग जिला पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव छत्तीसगढ़**

# महापौर यादव मोती तालाब एवं बल्देवबाग में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से हुये रूबरू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड निरीक्षण की कड़ी में महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सूबह वार्ड नं. 15 के मोती तालाब एवं बल्देवबाग में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू हो पानी बिजली सफाई के संबंध में चर्चा किये। शौचालय के पास पानी की समस्या पर सिंटैक्स टंकी लगाने के निर्देश उपरांत आज ही टंकी लगाकर समाधान किया गया।



महापौर श्री यादव वार्ड पार्षद श्री प्रमोद झंझारे एवं पार्षद श्री संजीव बघेल के साथ वार्ड नं. 15 में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू हो उनकी समस्या से अवगत हुए। मोती तालाब का निरीक्षण कर तालाब के किनारे साफसफाई करने के निर्देश दिये। बल्देवबाग के एक एरिया में कम पानी आने की शिकायत पर शौचालय के पास सिंटैक्स टंकी लगाने के निर्देश दिये, निर्देश के परिपालन में आज ही टंकी लगाया गया।

महापौर श्री यादव के बल्देवबाग निरीक्षण के दौरान विद्युत समस्या से अवगत कराते हुए लोगो ने कहा की लुज तार एवं तिरछा खंभा के कारण लाईट की समस्या होती है और खंभा से दुर्घटना की संभावना बनी है जिस पर महापौर श्री यादव ने विद्युत मंडल से बात कर लाईन दुरस्त कर खंभा ठीक करने कहा। उन्होने बल्देवबाग में समुदायिक भवन की मांग पर भवन बनाने आश्वासन देते हुये कहा कि वार्ड की समस्या का प्रथामिकता से हल किया जायेगा।

# ग्राम गेंदाटोला में मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत वर्षा जल का संचय एवं संरक्षण के संबंध में प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के ग्राम गेंदाटोला में मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत वर्षा जल का संचय एवं संरक्षण के संबंध में क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और हम सभी को वर्षा जल का सरंक्षण करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से घरों में सोख्ता गढ्डा निर्माण कर वर्षा जल को सरंक्षण करने की अपील की। प्रशिक्षण में वर्षा जल का संचय एवं सरंक्षण के संबंध में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के मध्य चर्चा की गई। इस दौरान



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिरम मंडावी, सभापति जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती हेमीन विष्णु साहू, समाज सेवी श्री मनीष त्रिपाठी, श्री कुमार साय साहू , सरपंच ग्राम पंचायत गैंदाटोला श्रीमती ऊषा कमल गुप्ता, एसडीओ श्री जीपी लारिया, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा श्री मोहित कुमार पडौती सहित अन्य जनप्रतिनिधि ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं रोजगार सहायक, स्वसहायता समूह की महिलाएं, ग्राम पंचायत के तकनीकी सहायक मनरेगा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षारोपण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में आयोजित च्एक पेड़ माँ के नामज्ज् के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में प्राचार्य श्री ए.के. यदु जी, व्याख्याता श्री थंगेश्वर कुमार साहू, व्याख्याता एन.डी. लिल्हारे, व्याख्याता जे.व्ही. ताम्बोली, व्याख्याता पी.आर. वर्मा, दानेश्वर साहू, संकुल समन्वयक श्री दानीराम वर्मा एवं ग्राम पंचायत तिलईरवार के सदस्यगण एवं जनपद सदस्य श्रीमती कांतिबाई कंवर, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती रोहिणी सहारे, श्रीमती टी. चंद्रवंशी, सुखचैन कंवर, प्राथमिक शाला प्रधानपाठक श्री किशन नागवंशी, श्री संतराम सोनकर, श्री केवल कुमार वर्मा, श्री राजेश देशलहरे एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**शुभांक**

**1-3-8**

**110-2 248-4**

# साहू समाज की एक अनोखी पहल : 285 युवक , युवतियों को मिला रोजगार

## 46 बेरोजगारो को मिली शासकीय नौकरी,शुल्क कोचिंग क्लास का द्वितीय वर्षगांठ पर शिक्षकों का किया गया सम्मान

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा संचालित नि: शुल्क कोचिंग क्लास का द्वितीय वर्षगांठ पर शिक्षक भीष्म चंद्राकर सर(गणित, रीजनिंग), संतोष कड़वे सर (सामान्य ज्ञान, ए. डी .ओ .मेजर सब्जेक्ट), प्रभात सर(छ. ग .सामान्य ज्ञान, हिंदी ग्रामर) आशीष सर (सामान्य ज्ञान, करेंट अफेयर्स) का अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक यशवंत साहू, जिला संगठन सचिव माधव साहू, छ. ग. प्रदेश सह संयोजक परदेशी राम साहू, संभागीय संयोजक रूपेश साहू, सचिव अनिल साहू, मिलन साहू,तिजेंद्र साहू, भोज गंजीर, हृदय हिरवानी,राघवेंद्र साहू,जगमोहन, राजेश साहू, पवन साहू, छन्नू लाल साहू, लविंद्र साव,दुर्गा हिरवानी,खिलेश्वरी साहू, लीना साहू आदि द्वारा श्रीफल, पेन , गुलदस्ता भेंट कर तथा केक काट कर मुंह मीठा कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि जिला संयोजक यशवंत साहू और माधव साहू के कुशल नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा नि: शुल्क



कोचिंग क्लास में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मॉक टेस्ट, नवोदय विद्यालय प्रवेश, सैनिक स्कूल प्रवेश, कैरियर गाइडेंस, स्वच्छता अभियान, खेल गतिविधियां, पौध रोपण, रक्त दान शिविर, सेल्फस्टार्ट अप भ्रमण,किसान संगोष्ठी,, रोजगार मेला, छ .ग. माध्यमिक बोर्ड परीक्षा 2025 में 10वीं एवं 12वीं में 80त्नसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले सामाजिक बच्चों का सम्मान, अपर जज ओमप्रकाश साहू के द्वारा विधिक (कानून) की महत्वपूर्ण जानकारी जैसे रचनात्मक गतिविधियां कराई जा रही हैं। दो वर्षों से संचालित नि: शुल्क कोचिंग क्लास से 46 बेरोजगारों को शासकीय नौकरी मिली है। 4 महिला सुपरवाइजरों की नियुक्ति, रोजगार मेला में 285 युवक द्दयुवतियों को रोजगार मिला है। इसी प्रकार 60 बच्चों का नवोदय विद्यालय में तथा 5 बच्चों का सैनिक स्कूल में चयन हुआ है। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा प्रतिमाह अपने वेतन से शिक्षकों को वेतन दिया जाता है। वर्तमान में सर्व समाज के लगभग 100 बच्चे कोचिंग क्लास में अध्ययनरत हैं।

## ज्ञान मंथन

*1) वाटर ग्लास के नाम से किसको जाना जाता है?*
*2) वसा के साथ आंत में अवशोषित होने वाले कौन से विटामिन है?*
*3) देश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से पहली बार किस राज्य सरकार ने सड़क सुरक्षा बल का गठन किया है?*
*4) केंद्र सरकार ने लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को बढ़ाकर कितना कर दिया है?*
*5) हाल ही में समाचारों में आए सालहेर किला, शिवनेरी किला और पन्हाला किला किस भारतीय राज्य में स्थित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) सोडियम सिलिकेट (2) विटामिन ए और डी (3) पंजाब (4) 3 करोड़ (5) महाराष्ट्र

# कला साधना की तपस्थली खैरागढ़ में कला की नई क्रांति

## विदेशी कलाकारों द्वारा प्रवेश हेतु बढ़-चढ़कर किया जाता है आवेदन, रचनात्मक प्रतिभा को उजागर कर, कला के क्षेत्र में रच रहा नया इतिहास

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ के इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ नृत्य, संगीत एवं ललित कला के क्षेत्र में एशिया का एकमात्र विशिष्ट विश्वविद्यालय है। यह संस्थान विद्यार्थियों के लिए एक समग्र, शोधोन्मुख एवं विद्यार्थी-केंद्रित वातावरण तैयार कर उनकी रचनात्मक क्षमता को जागृत करने और कला की गहराइयों से परिचित कराने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। संगीत विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का पंजीयन 16 जून तक होगी। प्रवेश के लिए प्रथम अभिरुचि परीक्षा 24 से 27 जून तक आयोजित होगा, 30 जून तक इसका परिणाम जारी किया जाएगा। इसी तरह द्वितीय अभिरुचि परीक्षा 22 से 24 जुलाई तक आयोजित होगी, इसकी चयन सूची 25 जुलाई को जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। भारत के अतिरिक्त अन्य कई देशों के विदेशी विद्यार्थियों द्वारा भी इस विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु बढ़-चढ़कर आवेदन किए जा रहें है। इस विश्विद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दुस्तानी गायन, हिन्दुस्तानी वायलिन, सितार, सरोद, तबला, कत्थक, भरतनाट्यम, ओडिसी, लोक संगीत, नाटक, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला, टेक्सटाइल्स डिज़ाइन जैसे पाठ्यक्रमों में डिप्लोमा और डिग्री दी जाती है। इस विस्तृत



पाठ्यक्रम संरचना से न केवल कला की विविध धाराओं में पारंगत होने का अवसर मिलेगा, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय में शोधात्मक गतिविधियों के विस्तार हेतु विभिन्न विषयों में पीएच.डी. एवं डी.लिट् की सुविधा प्रदान करने वाला संभवत: भारत का एकमात्र विश्वविद्यालय है।

**विश्वविद्यालय की अनोखी विशेषताएँ**

इंदिरा गांधी कला विश्वविद्यालय रचनात्मकता का मुक्त मंच- यहां छात्रों को अनुभवी शिक्षकों द्वारा मनोहारी प्राकृतिक वातावरण में तनावरहित शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी कला में गहराई एवं शोध का समागम होता है। नृत्य, संगीत, ड्रामा एवं ललित कला के साथ-साथ अन्य विषयों की भी व्यापक जानकारी दी जा रही है, जिससे छात्रों का बौद्धिक विकास सुनिश्चित हो रहा है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य शुद्ध अंत:करण एवं बाधा रहित प्रशिक्षण व्यवस्था के साथ कला साधकों को ज्ञान के नए आयामों तथा कला की सच्ची भावना से परिचित कराना है। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय न केवल एक शिक्षण संस्थान है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहाँ विद्यार्थी अपनी रचनात्मक प्रतिभा को उजागर कर, कला के क्षेत्र में नया इतिहास रच रहे हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा लगातार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 700 से अधिक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। हाल ही में यूथ-फेस्टिवल में संगीत विश्वविद्यालय द्वारा चौंपियनशिप ट्राफी प्राप्त किया है। इस विश्वविद्यालय को सभी कला साधकों एवं समुदाय के लिए एक तीर्थस्थल के रूप में स्थापित किया गया है, जहाँ परंपरा एवं नवाचार साथ-साथ प्रगति कर रहें हैं। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट www.iksv.ac.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**धनंजय राठौर संयुक्त संचालक जनसंपर्क रायपुर**

# पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गायत्री शक्तिपीठ डोंगरगांव में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मां भगवती गंगा ,मां गायत्री के अवतरण दिवस एवं गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस के पावन अवसर पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। इसके पूर्व प्रथम दिवस प्रात: 7:00 बजे से सायं काल 7:00 बजे तक अखंड जप किया गया ।जिसमें नगर के एवं आसपास के गांव से गायत्री परिवार के साधक आकर जाप में भाग लिए ।द्वितीय दिवस 9:00 बजे से देव आह्वान एवं देव पूजन कर गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रात: काल 9:00 बजे से 1:00 बजे तक यज्ञ का आयोजन किया गया । तत्पश्चात अखंड ज्योति एवं परम वंदनीया माता जी के शताब्दी वर्ष 2026 के पूर्व की तैयारी पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं को अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए नियमित उपासना,साधना, स्वाध्याय,समय दान एवं अंशदान करते रहने के लिए आग्रह किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन जयप्रकाश सिन्हा द्वारा किया गया। समूह साधना एवं वृक्षारोपण भी किया गया ।अंत में गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी बाल कृष्णा सिन्हा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय साधकों के अतिरिक्त आसपास के गांव से भी गायत्री परिजन इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# महेंद्र ध्रुव अंडर 19 भारतीय वॉलीबॉल टीम के कप्तान बने

## ताशकंद में 10 से 16 जून तक होगी चैंपियनशिप प्रतियोगिता ...



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के प्रतिभावान वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र ध्रुव ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है । उन्हें अंडर 19 भारतीय वॉलीबॉल टीम के कप्तान के रूप में चुना गया है । महेंद्र ने अपने खेल जीवन की शुरुआत अपने स्कूली जीवन से ही कर दी थी । शहर के ही खेल प्रशिक्षकों के सानिध्य में उन्होंने अपने खेल को संवारते हुए आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो उपलब्धि हासिल की है वह चंद चितेरों को ही मिल पाती है । वे आगामी 10 जून से 16 जून तक ताशकंद ( उज़्बेकिस्तान ) में होने वाली सी ए वी ए चैंपियनशिप में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे । खेल नगरी एवं संस्कारधानी के नाम से अपनी अलग पहचान रखने वाले राजनांदगांव नगर को आज एक और गौरवान्वित करने वाला नाम महेंद्र ध्रुव के नाम पर मिल गया है । वॉलीबॉल के लिए समर्पित महेंद्र ध्रुव ने अपने वॉलीबॉल खेल की शुरुआत स्कूली जीवन में शुरू कर दी थी । उन्होंने अपने शुरुआती प्रयास के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा । स्टेट लेवल से लेकर अनेक बार राष्ट्रीय स्तर पर शालेय टूर्नामेंट का प्रतिनिधित्व करते हुए आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुके महेंद्र ने यह सिद्ध कर दिया है कि जिद के आगे जीत है । धर्मपाल - संध्या ध्रुव के सुपुत्र ने अपने संकल्प को जो पंख लगाए उसमें उनके माता - पिता का भरपूर सहयोग रहा है । महेंद्र ध्रुव की माता श्रीमती संध्या ध्रुव वर्तमान में राजनांदगांव पुलिस लाइन में महिला प्रधान आरक्षक के पद पर सेवारत हैं । वे भी इस खेल की माहिर खिलाड़ी रही हैं । महेंद्र , सेंट्रल एशियन वॉलीबॉल एसोसिएशन चैंपियनशिप में भाग लेने जल्द ही ताशकंद रवाना होंगे । यह चैंपियनशिप 10 से 26 जून तक खेली जानी है ।

# महापौर सहित जनप्रतिनिधि पार्षदो एवं महिला समूह ने श्रमदान कर तालाब की किये सफाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वार्डवासियों द्वारा आज सुबह कौरिनभाठा तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में महापौर श्री मधुसूदन यादव, जिला सहकारी क्रेन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल, मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा, पार्षद सर्वश्री सेवक राम उईके, शेखर यादव, सतीश कुमार साहू, कुलेश्वर ध्रुव, संजीव बघेल, प्रमोद झंझारे, डुरेंद्र साहू, पूर्व पार्षद श्री विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि श्री पंकज कुरंजेकर, सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुमीत भाटिया के अलावा महिला समूह एवं कौरिनभाठा वासी बड़ी संख्या में स्वच्छता अभियान में सहभागी बने। महापौर श्री यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं महिला समूह ने कौरिनभाठा तालाब के किनारे श्रमदान कर झाडू लगाकर कचरा उठाये तथा तालाब के आस पास की कटिली झाड़ीया काटी गई। स्वच्छता अभियान के पश्चात् तालाब के किनारे वृक्षारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण एवं तालाब के संवर्धन के लिये संकल्प लिया गया। महापौर श्री यादव ने कहा कि जिस प्रकार कौरिनभाठा तालाब में आज सभी ने श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाकर तालाब के किनारे साफ-सफाई किये इसी प्रकार स्वच्छता का संदेश हर वर्ग को देना है तभी हमारा शहर स्वच्छ एवं सुंदर होगा, बिना जन सहभागिता के स्वच्छता अभियान सफल नही होगा।



## निधन



**गणेश मुदलियार**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गणेश मुदलियार उम्र 50 वर्ष निवासी शुक्रवारी पारा डोंगरगढ़ का स्वास्थ्य कारणों के चलते 07 जून दिन शनिवार को उनके निवास पर आकस्मिक निधन हो गया है. श्री मुदलियार कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओं में से एक माने जाते थे. परिजनों के अनुसार उनकी अंतिम यात्रा 08 जून को उनके निवास से छिरपानी स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली जायेगी.

**श्री सुरेशचंद अग्रवाल**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे है कि अग्रवाल परिवार के वरिष्ठ श्री सुरेशचंद जी अग्रवाल का आकस्मिक निधन हो गया है जो की श्री श्यामसुंदर और श्री संतोष अग्रवाल के बड़े भाई एवं श्री शरद अग्रवाल एवं आशीष अग्रवाल के पिता थे। इनकी अंतिम यात्रा कल रविवार , दिनाँक 8 जून 2025 सुबह 10:00 निवास स्थान ब्लू डायमंड सिटी हाउस नंबर 45 से मुक्तिधाम के लिए कल निकलेगी ।

# प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाएं वंचित : अंजली घावड़े जनपद सदस्य छुरिया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सरकार की महत्वकांक्षी योजना में भाजपा सरकार की काटामारी पर कटाक्ष करते हुए जनपद पंचायत की सदस्य श्रीमती अंजली रामगुलाल घावडे ने आरोप लगाते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से वंचित पात्र महिला हितग्राही आज भी विष्णुदेव सरकार द्वारा पोर्टल खोले जाने की बाट जोह रही है ताकि उनका भी पंजीयन हो सके और उन्हें भी योजना का लाभमिल सके। पर हैरानी की बात है कि योजना के प्रारंभ होने के करीब डेढ़ साल बाद भी सरकार चुप्पी साधी हुई है न तो पोर्टल खोला जा रहा है और न ही उसमें नए हितग्राहियों को शामिल किया जा रहा है। जिससे प्रदेश की लाखों पात्र महतारी योजना से वंचित है। श्रीमती घावडे ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने महतारी वंदन योजना को लेकर मोदी की गारंटी दी थी और प्रदेश की सभी महतारियों को योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया था लेकिन आज भी लाखों महिलाएं उक्त योजना से वंचित हैं जो पात्र महिलाओं के साथ धोखा है। श्रीमती अंजली घावडे ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर प्रधान मंत्री मोदी की गारंटी कब पूरी होगी और कब तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं के साथ छल करती रहेगी। उन्होंने ने बताया की जिन महिलाओं के दम पर भाजपा सरकार में काबिज हुई है आज उन्ही महिलाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस योजना में पेंशन धारी महिलाओं के साथ भी धोखा किया जा रहा है। पेंशनधारी महिलाओं को पेंशन के तहत मिलने वाली राशि को महतारी वंदन का लाभ बताकर पांच सौ रुपए की कटौती कर उनके हक को मारा जा रहा है। एक ओर भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण की बात करती तो वहीं दूसरी ओर उन्ही महिलाओं को जो लाभ सरकार की ओर से मिलना चाहिए उससे उन्हें वंचित किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है।

# झूलेलाल मंदिर में घुस रहा नाली का गंदा पानी

## पूज्य सिंधी पंचायत ने आयुक्त से की नाली को शीघ्र बनवाने की मांग

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के झूलेलाल नगर (चौखडिया पारा) स्थित श्री झूलेलाल मंदिर प्रांगण में नाली का गंदा पानी घुसने और मंदिर परिसर में जलभराव की समस्या को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को ज्ञापन देकर अधूरी नाली का निर्माण शीघ्र कराकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी एवं पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी ने बताया कि श्री झूलेलाल मंदिर के पिछले हिस्से में कुछ लोगों के द्वारा नाली पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण नाली के पानी का बहाव नहीं पाता और नाली जाम होने के कारण गंदा पानी मंदिर परिसर के साथ ही मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की मूर्तियों तक गंदा पानीभर जाता है। इससे समाज की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंच रही है। इस समस्या को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष ब्रम्हानंद बजाज के नेतृत्व में समाज के सदस्यों द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा को ज्ञापन देकर अधूरी नाली का निर्माण शीघ्र पूरतावनी दी गई है। इस अवसर पर समाज के लोकचंद लहरवानी, अर्जुन बजाज, चंद्रपाल भीमनानी, सूरज पंजवानी सहित समाज के सदस्यगण मौजूद रहे।



## धर्म समाचार....

# प्रदोष व्रत पर इस तरह मिलेगी भोलेनाथ की कृपा, जीवन में आएगी सुख-शांति



प्रदोष व्रत हर माह की त्रयोदशी तिथि पर रखा जाता है। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष का प्रदोष व्रत 8 जून को किया जाएगा। इस दिन विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना करने से भगवान शिव साधक को सुखी जीवन का आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में आप प्रदोष व्रत के दिन ये स्तुति जरूर करें।

नई दिल्ली। हर महीने की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत करने का विधान है। इस प्रकार हर महीने में दो बार प्रदोष व्रत किया जाता है। प्रदोष व्रत के दिन विधिवत रूप से भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने से आपको सुखी दांपत्य जीवन का भी आशीर्वाद मिलता है। ऐसे में आप इस दिन पर सुख-समृद्धि की कामना के साथ नटराज स्तुति का पाठ जरूर करें।

**प्रदोष व्रत पूजा का मुहूर्त**

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि का शुभारंभ 8 जून को सुबह 7 बजकर 17 मिनट पर हो रहा है। वहीं इस तिथि का समापन 9 जून को सुबह 9 बजकर 35 मिनट होगा। ऐसे में प्रदोष व्रत रविवार 8 जून को किया जाएगा। रविवार के दिन पड़ने के कारण इसे रवि प्रदोष व्रत भी कह सकते हैं। इस दिन शिव जी की पूजा का मुहूर्त कुछ इस प्रकार रहेगा -

प्रदोष व्रत पूजा मुहूर्त - शाम 7 बजकर 18 से रात 9 बजकर 19 मिनट तक

**नटराज स्तुति**

प्रदोष व्रत के दिन शिव जी की पूजा में नटराज स्तुति का पाठ जरूर करना चाहिए। इससे आपको भोलेनाथ की कृपा से जीवन में अच्छे परिणाम देखने को मिल सकते हैं।

सत सृष्टि तांडव रचयिता
नटराज राज नमो नम: ।
हे आद्य गुरु शंकर पिता
नटराज राज नमो नम: ॥
गंभीर नाद मृदंगना
धबके उरे ब्रह्माडना ।
नित होत नाद प्रचंडना
नटराज राज नमो नम: ॥
शिर ज्ञान गंगा चंद्रमा
चिद्ब्रह्म ज्योति ललाट मां ।
विषनाग माला कंठ मां
नटराज राज नमो नम: ॥
तवशक्ति वामांगे स्थिता
हे चंद्रिका अपराजिता ।
चहु वेद गाए संहिता
नटराज राज नमो: ॥




### घर में गुलाब सहित इन पौधों को लगाएं, महक भी मिलेगीज् पति-पत्नी में प्यार भी बढ़ेगा

कई बार पति-पत्नी के रिश्तों में प्यार कम हो जाता है। कुछ खास फूलों के पौधे घर में लगाने से रिश्तों में गर्माहट बनी रहती है। लाल गुलाब रिश्तों में ऊर्जा भरता है और घर में पॉजिटिव वाइब्स लाता है। पियोनिया सौंदर्य और प्यार का प्रतीक है इसे घर में लगाने से सौभाग्य बढ़ता है।कई बार पति-पत्नी के बीच रिश्तों की गर्माहट कम होने लगती है। वो साथ तो रह रहे होते हैं, लेकिन एक साथ नहीं होते हैं। उनकी जिंदगी में प्यार की महक खो सी जाती है। मगर, यदि कुछ खास तरह के फूलों के पौधों को आप घर में लगाते हैं, तो उनकी सुगंध घर भी महका देगी और रिश्तों को प्यार से भी भर देगी। इस फूलों के पौधों को लगाने के लिए या उनकी देखरख करने के लिए आपको बहुत ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी होगी। ये पौधे और इनमें लगने वाले फूल आगे घर का माहौल भी खुशनुमा बनाएंगे और सौभाग्य भी देने में मददगार साबित होंगे।




**लाल गुलाब की वाइब्स** - लाल रंग मंगल का होता है। ऊर्जा का प्रतीक होता है। यह यह गुलाब की महक के साथ मिलता है, तो रिश्तों में भी ऊर्जा भर देता है। इसीलिए अपने चाहने वालों को हम लाल गुलाब देते हैं। अगर आप गुलाब के पौधे को अपने घर में लगाते हैं, तो इसकी पॉजिटिव वाइब्स आपके घर की एनर्जी को अलग ही लेवल में पहुंचा देगी। इसकी भीनी-भीनी महक पति-पत्नी ही नहीं, परिवार के अन्य सदस्यों के बीच भी रिश्तों की गर्माहट को बनाए रखेगी। वास्तु अनुसार, गुलाब की पंखुड़ियों को एक बाऊल में पानी में डालकर रखने से रिश्तों सुधार आता है और घर में कलह नहीं होती है।

**फूलों की रानी पियोनिया** - फूलों की रानी के नाम से मशहूर पियोनिया के फूल सौंदर्य, प्यार और रोमांस के प्रतीक माने जाते हैं। वास्तु के अनुसार, इस पौधे को घर में लगाने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। ड्राइंग रूम में पियोनिया के फूलों का पौधा दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखने से घर में हंसी खुशी का माहौल बना रहता है।

nandgaon times june-08-2.qxd 6/7/2025 11:07 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर बनाया गया ट्रैफिक प्लान

## संयुक्त तौर पर की गई गहन चर्चा एवं लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय, सभी के समन्वित प्रयासों से यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने की जरूरत : महापौर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव शहर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ट्रैफिक्र प्लान के संबंध में जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, चेम्बर ऑफ कामर्स व विभिन्न यूनियन द्वारा संयुक्त तौर पर गहन चर्चा की गई एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग एवं जनप्रतिनिधि, चेम्बर ऑफ ऑफ कामर्स, मीडिया व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षमता का आंकलन करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। प्रशासन, जनमानस, व्यावसायिक प्रतिष्ठान सभी के समन्वित प्रयासों से यातायात एवं पार्किंग की व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए अतिक्रमण हटाना होगा, जिससे ट्रैफिक्र दबाव कम होगा। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन में पुलिस के सहयोग से पार्किंग की व्यवस्था दुरूस्त करनी होगी। चेम्बर ऑफ कामर्स एवं जनमानस के सहयोग से अच्छा कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे सुधार से बड़े सुधार होते है। ट्रांसपोर्ट नगर योजना अंतर्गत वाहन मालिकों को स्थान आबंटित किया गया है, जहां पर वाहन रखने के साथ ही दुकान, गैरेज सहित अन्य सुविधा का लाभ ले सकते हैं। यातायात व्यवस्था में सुधार एवं बदलाव लाने के लिए जनसहभागिता जरूरी है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शहर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के लिए एक स्थायी एवं मजबूत कार्ययोजना बनाने की दिशा में आगे बढ़े है। कलेक्टर ने कहा कि शहर में विशेष तौर पर नो एण्ट्री, वन-वे, स्पीड ब्रेकर, दिशा सूचक एवं संकेत बोर्ड लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने दुर्घटनाजन्य स्थानों में सुधारात्मक कार्य करने तथा रेडियम लगाने के लिए कहा। साथ ही ट्रैफिक्र नियमों का पालन करने के लिए नागरिकों को प्रेरित करने के लिए कहा। सड़क दुर्घटना से सुरक्षा के लिए गति सीमा से संबंधित बोर्ड लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यातायात को सुधारने के साथ ही



**शहर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के लिए एक स्थायी एवं मजबूत कदम : कलेक्टर**

सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता देते हुए करना है। जनसहभागिता से इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कार्य किया गया है तथा सभी के सुझाव को समाहित करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वित दृष्टिकोण से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारी एवं हल्के वाहनों का शहर के भीतर प्रवेश सुबह 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिखली अंडरब्रिज का निर्माण हो जाने से ट्रैफिक्र का दबाव कम हो जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि अतिक्रमण एवं दुर्घटना जन्य स्थानों का चिन्हांकन करते हुए यातायात व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए वाहनों का समय पर सुगम आवागमन, रोड का चौड़ीकरण एवं सड़कों में जाम नहीं हो इसके लिए सड़कों में व्यवस्था सुधारने कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि चिखली ओव्हर ब्रिज में यातायात एवं सड़क सुरक्षा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। यहां लेन बनाने से समस्या का समाधान हो सकेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा ने प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। बैठक में नंदई चौक, महावीर चौक, कामठी लाईन शनि मंदिर, सुभाष द्वार, भरका पारा, गठुला नाला, अम्बेडकर चौक में संरचना, डिवाइडर नहीं होने एवं अन्य कारणों से दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुझाव दिए गए। इस अवसर पर समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री सौरभ कोठारी, श्री हनी गरेवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री सचिन अग्रहरि, चेम्बर ऑफ कामर्स से श्री तरूण लहरवानी सहित ट्रक युनियन व बस युनियन के प्रतिनिधि, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। अतिक्रमण वाले स्थान एवं समस्याओं से निपटने के उपाय पर चर्चा राजनांदगांव शहर के महावीर चौक से स्टेट स्कूल तक, महावीर चौक से जय स्तंभ चौक, जूनी हटरी, गुड़ाखू लाईन, सिनेमा लाईन, कामठी लाईन, मानव मंदिर से गुरूद्वारा तक, नया बस स्टैण्ड चौक, पुराना बस स्टैण्ड चौक, मनोकामना भवन से पुलिस लाईन तक अतिक्रमण वाले स्थान है। अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों पर नगर निगम टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण के कारण दुकानों में आने वाले ग्राहक जो अपने वाहन को रोड में खड़ी कर देते है, नो पार्किंग वाहनों पर लगातार कार्रवाई की आवश्यकता है। चलित ठेला एवं पसरा वालों के लिए फ्लाई ओव्हर के नीचे जगह आबंटित किया जा सकता है।

## बोरी मे विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत बोरी ग्राम बोरी मे पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। पर्यावरण दिवस के संबंध मे



सरपंच, सचिव महोदय द्वारा ग्राम को स्वच्छ एंव सुन्दर बनाने के लिये मां के नाम एक पौधा प्रत्येक नागरिक को पौधा लगाने के लिए मार्गदर्शन देकर जागरूकता संदेश दिया गया। एंव ग्राम पंचायत प्रांगण मे जीवन लाल साहू (सरपंच), थानेश्वर मिश्रा (उपसरपंच) एंव मदन लाल गेन्ड्रे, मूलचंद देवांगन, रूपेश देवांगन, रूमन सिन्हा, प्रभा सिन्हा, प्रभा साहू, लक्ष्मण साहू, महेश यादव, मानिकचंद देवांगन, फगु राम देवांगन, नगीना देवांगन, चन्द्रकला टण्डन, भारती टण्डन, ललिता साहू, दुरपति गोंड, दीपिका टण्डन, पंच एंव सुनीति देवांगन, चंद्रिका साहू मितानिन, सचिव श्री छन्नू राम पटेल उपस्थित थे।

## प्राकृतिक तरीके से खेती करे तो खाद व दवाइयों की आवश्कता नही होगी : परदेशी सोनबोईर

**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** रेंगाकठेरा में केंद्र सरकार व राज्य सरकार के विशेष सहयोग से विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है,इस अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा में कृषि विभाग, पशुधन विभाग, उद्यानिकी विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों वैज्ञानिकों के टीमों ने बीजों उपचार,परंपरागत खेती,जैविक खेती के संबंध में किसानों को जानकारी दे रहे है । इस अवसर पर मुख्यरूप से श्री परदेशी सोनबोईर अध्यक्ष भाजपा तिलई मण्डल उपस्थित रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम प्राकृतिक तरीके से खेती की जाए तो हमें बाहर खाद व दवाइयों की जरूरत नहीं पड़ेगी ।सरकार खेती में नवाचार को बढ़ावा दे रही है । इस कार्यक्रम को सम्बोधन, शिला टाकेश सिन्हा सभापति जिला पंचायत, उनिता गणेश साहू सरपंच,भी किये, हरिचंद सिन्हा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, जितेंद्र साहू उपसरपंच, अशोक सिन्हा,गुलाब साहू, बिसन साहू, सहित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




आवश्यक सूचना

18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा-युति को अपने काम, पढ़ाई के साथ बिना जॉब किए जरूरत से ज्यादा बड़ी इंकम, पद और डिग्री तीनों एक साथ बनाना सीखाया जाता है:



एडमिशन ओपन फॉर ऑल...

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे हरि ऊँ नगर

ऋषि कुंज, राजनांदगांव, मो. 9425554092


# प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण और पौधरोपण की अनूठी पहल

0 जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने किया पीएम आवासों का निरीक्षण, पौधरोपण से दिया हरियाली का संदेश







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम तोरनकट्टा, मनकी तथा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम किरगी ब का दौरा किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर आवास निर्माण की स्थिति देखी और हितग्राहियों से सीधे संवाद कर निर्माण सामग्री, मजदूरी भुगतान और अन्य आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान सीईओ ने हर निर्माणाधीन आवास के समीप पौधरोपण कर स्वच्छ, हरित और टिकाऊ विकास की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल की। उन्होंने उपस्थित हितग्राहियों को समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि च्आवास केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है। इसकी गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जा सकता।ज्ञ उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने, सेंटरिंग प्लेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने और श्रमिकों को समय पर भुगतान किए जाने पर जोर दिया। साथ ही ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया कि वे स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाकर हितग्राहियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर जनपद पंचायत सीईओ, जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, आवास नोडल अधिकारी, सरपंच, सचिव, आवास मित्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बलविन्दर कंडा को संगीत सरिता द्वारा सम्मान किया गया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पिछले दिनों संगीत सरिता के वरिष्ठ कलाकार बलविन्दर कंडा अपने इंजीनियरिंग शासकीय सर्विस से सेवानिवृत्त होने के उपरांत उन्हे संगीत सरिता के सभी कलाकारों के द्वारा उनके निवास में उनका श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया गया संगीत सरिता के कलाकार सर्वश्री डॉ.महेश मिश्रा, डॉ. नन्दकिशोर मिश्रा, डॉ. नीलू श्रीवास्तव-महेश श्रीवास्तव,राजकुमार शर्मा अधिवक्ता, मनोज गुप्ता,अरूण चौधरी,प्रशांत कुशवाहा, श्रीमती राजकुमारी ध्रुवा,सभी कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से उन्हे बधाईयाँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की। एवं उन्ही के निवास में संगीत सरिता के प्रतिवर्ष गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में प्रतिवर्ष होने वाले संगीतमय कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रारंभ की गई। इस वर्ष भी प्रसिद्ध गायक कलाकारों-मुकेश माधुर, किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, लता मंगेश्कर, हेमंत कुमार, बप्पी लहरी, के द्वारा गाए गए सुप्रसिद्ध गीतों की प्रस्तुति अगस्त माह 2025 के प्रथम सप्ताह में संगीत कार्यक्रम संगीत सरिता के बैनरतले प्रस्तुत किया जाना निश्चित किया गया। अंत में बलविन्दर कंडा ने सभी कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियरलीग (सी.सी.पी.एल.) की शानदार शुरूवात




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.)के द्वितीय संस्करण का आयोजन 06 जून 2025 से 15 जून 2025 तक षहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम , नवा रायपुर में किया जा रहा है। रायपुर के षहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में को शानदार प्रांरभ हुआ। उद्घाटन समारोह में बॉलीबुड की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका शाल्मली खोलगड़े ने अपनी शानदार प्रस्तुती से दर्षको का मन मोह लिया। उन्होनें मै परेशान सौदा खरा खरा, झुमे जो पठान, हल्लामचा येरे, बलमपीचकारी, हो गयी तेरी बल्लेबल्ले आदिगानों से दर्शकों का भरपुर मनोंरजन किया। इस अवसर पर खेलमंत्री माननीय टंक रामवर्माजी, वाणीज्य करमंत्री ओपीचैधरी, किरणदेवजी, गुरु खुशवंत साहेब जी, सी एससी एसडायरेक्टर श्री बलदेव सिंह भाटीया, विजय शाहजी, जुबीन शाहजी, प्रभतेज सिंह भाटीयाजी एवं मुकुल तिवारी जी मुख्य रुप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का पहला मैच गत वर्ष की विजेता रायपुर रायनोस एवं बिलासपुर बुल्स के मध्य खेला गया।

# राजनांदगांव पुलिस की बड़ी सफलता : अंतरराज्यीय डकैत गिरोह गिरफ्तार



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर में हाल ही में हुई दो डकैती की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के शातिर डकैतों के गिरोह को दबोच लिया है। थाना कोतवाली, बसंतपुर और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**सीसीटीवी फुटेज ने खोला राज, चार राज्यों में चली छापेमारी**

शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने तकनीकी सहायता की मदद से आरोपियों की पहचान की और मध्यप्रदेश के हरदा, रायसेन, कटनी तथा उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में डकैती की वारदातों को स्वीकार किया।

**चोरी के बाद शराब पीकर भागे, ट्रेन से लौटे घर**

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद वे राजनांदगांव में ही शराब पीने रुके और फिर डोंगरगढ़ पहुंचकर ट्रेन से अपने-अपने गृह जिलों को लौट गए। पुलिस ने उनके पास से ?725 नकद और वारदात में इस्तेमाल किया गया लोहे का रॉड जब्त किया है।

**कोतवाली और बसंतपुर क्षेत्र में हुई थी डकैती की कोशिश**

कोतवाली थाना क्षेत्र के न्यू चंद्रा कॉलोनी निवासी हेमंत साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके सूने घर का ताला तोड़कर चांदी के जेवर और नकद ?2000 सहित कुल ?21000 की चोरी की गई। वहीं, बसंतपुर के अर्बन रेनिसेंस सोसायटी में रहने वाले गुरविन बग्गा के घर में भी डकैत घुसे, लेकिन शोर मचाने पर भाग खड़े हुए। वहां कोई सामान चोरी नहीं हुआ।

वरिष्ठ अफसरों के निर्देशन में चली ऑपरेशन डकैत पकड़ो मुहिम

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। नाकाबंदी कर विभिन्न रूटों पर निगरानी रखी गई और फिर आरोपियों को धर दबोचा गया।

**जेल भेजे गए, पुरानी आपराधिक पृष्ठभूमि का भी खुलासा**



पुलिस जांच में सामने आया कि सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश के विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

**टीम को मिलेगा ?10,000 का इनाम, आईजी ने की घोषणा**

इस सफल ऑपरेशन के लिए राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री अभिषेक शांडिल्य ने संयुक्त टीम को ?10,000 का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। कार्रवाई में थाना कोतवाली के निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू, साइबर सेल प्रभारी विनय पम्मार और उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com